औद्योगिक क्षेत्रों में एआई सिस्टम विकसित होगा

आईआईटी कानपुर

- यूपीसीडा और आईआईटी के बीच एमओयू पर हुए हस्ताक्षर
- एआई से स्मार्ट होंगे औद्योगिक क्षेत्र, सुरक्षा तकनीक से होंगे लैस

कानपुर, मुख्य संवाददाता। यूपी के सभी औद्योगिक क्षेत्रों में अब अत्याधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सिस्टम लागू होगा। इससे न सिर्फ तकनीकी दक्षता बढ़ेगी बल्कि सुरक्षा के साथ ही त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र में भी सुधार होगा। इसके लिए बुधवार को उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) के सीईओ मयूर माहेश्वरी और आईआईटी कानपुर के एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के निदेशक प्रो. सच्चिदानंद त्रिपाठी के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

समझौते के तहत पूरा सिस्टम आईआईटी ही विकसित करेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यह अहम समझौता हुआ है। इसके तहत औद्योगिक क्षेत्रों में एआई आधारित निगरानी और सुरक्षा तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। मशीन लर्निंग एल्गोरिदम के माध्यम से रीयल-टाइम डेटा का विश्लेषण कर संभावित खतरों की पहचान की जाएगी। इससे सुरक्षा मानकों को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा।

मशीनों की खराबी पहले ही जान सकेंगे: भविष्यसूचक रखरखाव के लिए एआई तकनीकों का उपयोग किया जाएगा, इससे औद्योगिक क्षेत्रों में इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थिति बेहतर होगी। आईआईटी के आईओटी सेंसर और एआई विश्लेषण के माध्यम से उपकरणों की सेहत और पर्यावरणीय स्थितियों की निगरानी की जाएगी, जिससे संभावित खराबी को पहले ही पहचाना जा सकेगा।